नवभारत टाइम्स

नई दिल्ली › गुरुवार, 20 दिसंबर 2018 › मार्गशीर्ष 29 शक संवत 1940 मार्गशीर्ष शुक्ल त्रयोदशी विक्रम 2075 www.nbt.in

इस साल गर्ल चाइल्ड के लिए पॉइंट नहीं दे रहे स्कूल

Katyayani.Upreti@timesgroup.com

नई दिल्ली : नर्सरी एडमिशन में गर्ल चाइल्ड को पॉइंट है या नहीं? इस सवाल से पैरंट्स ही नहीं बल्कि स्कूल भी परेशान हैं। शिक्षा निदेशालय ने क्राइटेरिया को लेकर अपनी गाइडलाइंस इतनी उलझन भरी बनाई है कि आम इंसान का एक नजर में इसे समझना मुमकिन नहीं। निदेशालय ने गाइडलाइंस के अंदर बैन क्राइटेरिया की तीन लिस्ट दी हैं और साथ ही कोर्ट के कुछ पुराने फैसलों का हवाला दिया है। मगर गाइडलाइंस के अंदर लागू होने वाली फाइनल लिस्ट साफतौर पर नहीं दी गई है। इस कन्फ्यूजन में कुछ स्कूलों ने इस सेशन में गर्ल चाइल्ड के पॉइंट हटा दिए हैं। जबकि पिछले साल उन्होंने पैरंट्स को इसका फायदा दिया था। वहीं, एजुकेशन एक्सपर्ट्स का कहना है कि हाई कोर्ट ने शिक्षा निदेशालय के बैन क्राइटेरिया में से गर्ल चाइल्ड के बैन हटा दिया था।

लेकिन मिल सकते हैं पॉइंट...

हालांकि, एजुकेशन एक्टिविस्ट खगेश झा का कहना है कि गर्ल चाइल्ड को पॉइंट दिए जा सकते हैं, क्योंकि कोर्ट ने 4 फरवरी 2016 को प्राइवेट स्कूलों के एतराज पर 12 पॉइंट पर एडमिशन देने की इजाजत दे दी थी, इनमें गर्ल चाइल्ड के साथ साथ पैरंट्स के प्रमाणित रिकॉर्ड, ट्रांसपोर्ट रूट भी शामिल हैं। इससे पहले शिक्षा निदेशालय के 62 क्राइटेरिया में रोक लगाई थी।

इस साल कई स्कूलों ने गर्ल चाइल्ड के लिए दिए जा रहे पॉइंट अपने 100 पॉइंट सिस्टम से हटाए हैं। स्प्रिंगडेल्स पूसा रोड ने पिछले साल इसे 3 पॉइंट दिए थे, एवरग्रीन सीनियर सेकंडरी पब्लिक स्कूल-वसुंधरा एनक्लेव ने 15 पॉइंट दिए थे मगर इस साल इन स्कूलों ने गर्ल चाइल्ड को पॉइंट नहीं दिए हैं। कुछ प्राइवेट स्कूलों का कहना है कि शिक्षा निदेशालय ने अपनी वेबसाइट में जिन 62 पॉइंट पर एडमिशन ना देने की बात कही है उसमें एक पॉइंट 'जेंडर' है, यानी जेंडर के आधार पर एडमिशन नहीं दिया जा सकता है। लेकिन एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह गलत है। पैरंट्स को गाइडलाइंस की आखिरी में जो 50 बैन क्राइटेरिया का जो टेबल है उसे पढ़ना चाहिए क्योंकि इस बैन लिस्ट में जेंडर हट चुका है।

'ट्रांसपोर्ट में ना भी हों, तब भी मिलेंगे नेबरहुड पॉइंट'

Sher Singh Saini

Q अगर घर से दूरी कम हो, मगर ट्रांसपोर्ट रूट में ना आएं, तो क्या पॉइंट नहीं मिलेंगे? – राशि

इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, आपको नेबरहुड पॉइंट मिलेंगे।

Q मेरी बेटी की जन्मतिथि 8 फरवरी 2013 है। क्या उसका एडमिशन पहली क्लास में हो सकता है? वो 8 फरवरी 2019 में 6 साल की हो जाएगी। - सोनिया नागपाल

हां एडमिशन हो सकता है। नर्सरी के साथ साथ अभी केजी और क्लास 1 के लिए भी एडमिशन हो रहे है, आप स्कूलों में अप्लाई कर सकते हैं।

Q मेरी बेटी की जन्मतिथि 31 मार्च 2012 है। क्या उसका एडमिशन क्लास 1 में हो सकता है? मैं पिछले चार साल से कोशिश कर रहा हूं मगर अब तक एडमिशन नहीं हो पाया। - राजेश डाबला

नहीं, आपका बच्चा क्लास 1 के लिए बड़ा है। पिछले चार साल में जिस स्कूल से आपने उसको एजुकेशन दी है, उसी में जारी रखें। साथ ही, अपने पसंद के स्कूलों में खाली सीटों पर एडमिशन के लिए कोशिश करते रहें। अगर आप ईडब्ल्यूएस या डीजी कैटिगरी से है तो आप कोशिश कर सकते हैं। पिछले साल इन कैटिगरी के लिए नर्सरी के लिए 3 से 5, केजी के लिए 4 से 6 और क्लास 1 के लिए 5 से 7 तक (31 मार्च तक) एज लिमिट थी। इस बार की गाइडलाइंस जब आएंगी, तो आप चेक कर सकते हैं।

नर्सरी एक्सपर्ट

रूमा पाठक, प्रिंसिपल, एम एम पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा

Q नर्सरी एडमिशन में जनरल कैटिगरी से क्या मतलब है? ईडब्ल्यूएस के लिए क्या प्रोसेस है? – रवि कुमार

अगर आपकी इनकम 1 लाख रुपये से ज्यादा है, तो आप जनरल कैटिगरी में आएंगे। दूसरी ओर इससे कम इनकम वाले लोग ईडब्ल्यूएस कैटिगरी में आते हैं। ईडब्ल्यूएस के साथ साथ डिसएडवांटेज ग्रुप के अलग से ऑनलाइन अप्लाई किया जा सकता है। शिक्षा निदेशालय कंप्यूटराइज्ड ड्रॉ के जरिए फ्री सीट के लिए प्राइवेट स्कूल अलॉट करता है।

Q स्कूल डिस्टेंस कैसे नापते हैं? मेरे घर से अगर मेरा पसंदीदा स्कूल दूर है तो एडमिशन कैसे करवाऊं? – शैलेश

यह दूरी रेडियस डिस्टेंस है। गूगल मैप के जरिए स्कूल इसे नापते हैं। आप अपने पड़ोस के स्कूलों के साथ पसंद के दूर स्कूल में भी अप्लाई कर सकते हैं, हो सकता है डिस्टेंस के अलग अलग पैमाने के तहत आपका चांस आ जाए।

Q अगर स्कूल पैरंट्स की परफॉर्मेंस के लिए पॉइंट दे रहा है, तो क्या यह सही है? – नकुल

नहीं, इसकी बिल्कुल इजाजत नहीं है।

स्कूल क्राइटेरिया

समरविले स्कूल, वसुंधरा एनक्लेव
क्रिश्चन 50 पॉइंट
सिबलिंग/स्टाफ 20 पॉइंट
डिस्टेंस 30 पॉइंट

एमएम पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा
नेबरहुड 50 पॉइंट
गर्ल चाइल्ड 20 पॉइंट
सिबलिंग 10 पॉइंट
अल्मनाई 10 पॉइंट
फर्स्ट बॉर्न चाइल्ड 10 पॉइंट

वीएसपीके इंटरनैशनल स्कूल, रोहिणी
नेबरहुड 80 पॉइंट
सिबलिंग 20 पॉइंट